**कक्षा : पाँचवीं** **विषय : हिन्दी**

## लिंग बदलो :

| | | | |
|---|---|---|---|
| अध्यापक – अध्यापिका | लुहार – लुहारिन | बादशाह – बेगम | सिंह – सिंहनी |
| बाल – बाला | विधुर – विधवा | गायक – गायिका | नर्तक – नर्तकी |
| पुरुष – स्त्री | पंडित – पंडिताइन | धोबी – धोबिन | शिक्षक – शिक्षिका |
| हाथी – हथिनी | याचक – याचिका | गुड्डा – गुड़िया | भाग्यवान – भाग्यवती |

## विलोम शब्द :

| | | | |
|---|---|---|---|
| परिश्रमी – आलसी | पूर्ण – अपूर्ण | हित – अहित | कड़वा – मीठा |
| दोस्त – दुश्मन | व्यवस्था – अव्यवस्था | नीरस– सरस | दुष्ट– सज्जन |
| भाग्यशाली – भाग्यहीन | प्रसन्न – अप्रसन्न | अपमान–सम्मान | आज्ञा – अवज्ञा |
| देव – दानव | विस्तृत – संक्षिप्त | लघु – दीर्घ | राजा – रंक |

## समानार्थक शब्द :

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रेम – प्यार, लगाव | उत्तम – बढ़िया, श्रेष्ठ | आदर – मान, सम्मान | भुजंग – सर्प, साँप |
| लघु – अल्प, छोटा | व्यथा – पीड़ा, तकलीफ | मन – चित्त, हृदय | बड़ा – विशाल,विराट |
| गंगा – देवनागरी, भागीरथी | पुत्र – बेटा, सुत | नारी – महिला, स्त्री | |

## वचन बदलो :

| | | | |
|---|---|---|---|
| पैसा – पैसे | आँख – आँखें | डाली – डालियाँ | पत्ता – पत्ते |
| मिठाई – मिठाइयाँ | खिलौना – खिलौने | वस्तु –वस्तुएँ | सभा – सभाएँ |
| कापी – कापियाँ | बूढ़ा – बूढ़े | पौधा – पौधे | महिला – महिलाएँ |
| पंक्ति – पंक्तियाँ | रीति – रीतियाँ | धेनु – धेनुएँ | थाली – थालियाँ |

## मुहावरे :

1. **अंगुली उठाना** – निंदा करना
   बिना जाने किसी पर अंगुली उठाना अच्छी बात नहीं।

2. **कान पकड़ना** – क्षमा माँगना
   सतीश ने अपनी गलती पर कान पकड़ लिए।

3. **चार चाँद लगाना** – शोभा बढ़ाना
   रमा के गीत ने समारोह में चार चाँद लगा दिए।

4. **तलवे चाटना** – खुशामद करना
   कई कर्मचारियों को अपने अफसर के तलवे चाटने की आदत होती है।

5. **वीरगति प्राप्त करना** – शहीद होना
कई योद्धा युद्ध के मैदान में वीरगति को प्राप्त हुए ।

6. **दाँत खट्टे करना** – बुरी तरह हराना
शिवाजी ने मुगल सेना के दाँत खट्टे कर दिए।

7. **शोक के बादल छाना** – बहुत दुखी होना
पिता की मृत्यु के बाद सारे घर में शोक के बादल छा गए।

8. **हाथ पाँव मारना** – कोशिश करना
संजय आजकल नौकरी प्राप्त करने के लिए हाथ – पाँव मार रहा है।

9. **सुख – दुख का साथी** – घनिष्ठ मित्र
रोहन मेरे सुख – दुख का साथी है।

10. **टस से मस न होना** – अपनी बात पर अड़े रहना
मेरे बहुत समझाने पर भी वह टस से मस न हुआ।

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

1. मूर्ति बनाने वाला – मूर्तिकार
2. शिकार करने वाला – शिकारी
3. जो सदा सत्य बोलता हो – सत्यवादी
4. जिसने कोई प्रतिज्ञा ले ली हो– प्रतिज्ञाबद्ध
5. जिसका भाग्य अच्छा हो – भाग्यवान
6. जिसमें रस न हो – नीरस
7. जो दिखाई न दे – अदृश्य
8. अभिनय करने वाला – अभिनेता
9. जहाँ जाना कठिन हो – दुर्गम
10. जिसका मूल्य न हो – अमूल्य

## सर्वनाम

संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

**सर्वनाम के छ: भेद होते हैं।**

1. **पुरुषवाचक सर्वनाम** – जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग बोलने वाले, सुनने वाले या किसी अन्य व्यक्ति के लिए होता है, वे पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। **जैसे– मैं, तुम, यह, वह आदि।**
2. **निश्चयवाचक सर्वनाम**– किसी निश्चित वस्तु या प्राणी की ओर संकेत करने वाले सर्वनाम शब्दों को निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं। **जैसे– ये, वे, यह, वह, उसी, इसी, यही, वही आदि।**
3. **अनिश्चयवाचक सर्वनाम**– अनिश्चित वस्तु या प्राणी की ओर संकेत करने वाले या उनके बारे में बताने वाले सर्वनाम शब्द अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे– कोई, कुछ आदि।
4. **प्रश्नवाचक सर्वनाम**– जो सर्वनाम शब्द प्रश्न पूछने के लिए प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं। **जैसे**– किसका, कौन, किसने, क्या, किसे, कहाँ आदि।
5. **संबंधवाचक सर्वनाम**–जो सर्वनाम शब्द वाक्य में आए अन्य संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के परस्पर संबंध को बताते हैं, उन्हें संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। **जैसे** – जिसकी–उसकी, जिसने–उसने, जो–सो, जहाँ–वहाँ, जैसा–वैसा आदि।
6. **निजवाचक सर्वनाम**–जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग कर्त्ता अपने लिए करता है, उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते हैं। **जैसे**– स्वयं, खुद, अपने–आप आदि।

**सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा लगाओ और भेद का नाम लिखो।**

1. कौन मेरी बात का उत्तर देगा? ____________________
2. मैं पाठशाला जाता हूँ। ____________________
3. वह परीक्षा की तैयारी कर रहा है। ____________________
4. जिसने जैसा किया, उसने वैसा ही फल पाया। ____________________
5. ध्यान से देखो, पानी में कुछ पड़ा है। ____________________
6. बोलो क्या खाओगे? ____________________
7. उमेश! देखना दरवाज़े पर कोई खड़ा है। ____________________
8. तुम पुस्तक पढ़ रही हो। ____________________
9. उसने अपने - आप ही मुझे यहाँ बुलाया। ____________________
10. यह मेरी पुस्तक है। ____________________

## क्रिया

जिन शब्दों से किसी काम के होने या करने का पता चले वे शब्द क्रिया कहलाते हैं। जैसे- सोना, रोना, भागना आदि। क्रिया के दो भेद हैं:

**सकर्मक क्रिया-** जिन क्रियाओं का कर्म होता है, उन्हें सकर्मक क्रियाएँ कहते हैं। जैसे - अक्षय पानी पी रहा है।

**इस वाक्य में 'पानी ' कर्म है, 'अक्षय' कर्त्ता व 'पी रहा है' क्रिया है।**

रीना ने आम खाया। बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं। राजा ने कपड़े बाँटे।

**अकर्मक क्रिया-** जिन क्रियाओं का कोई कर्म नहीं होता उन्हें अकर्मक क्रियाएँ कहते हैं। जैसे- रीना हँस रही है।

**इस वाक्य में 'रीना' कर्त्ता है, ' हँस रही है' क्रिया है। इसमें कर्म नहीं है इसलिए यह अकर्मक क्रिया है।**

वह पढ़ रहा है। रवि सो रहा है। वह खेल रहा है।

**नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित करके उनके भेद लिखो:**

1. गमले में फूल खिले हैं। ____________________
2. उसने खाना खा लिया। ____________________
3. वह सो रहा है। ____________________
4. अध्यापक ने गणित पढ़ाया। ____________________
5. बारिश हो रही है। ____________________
6. चिड़िया घोंसला बनाती है। ____________________
7. शशि पानी लाती है। ____________________
8. पुष्पा सोती है। ____________________
9. इन्दु पत्र लिखती है। ____________________
10. मैं जाता हूँ। ____________________

## पाठ - 10 : मेरा बचपन

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. देहात | 2. पाठशाला | 3. छुट्टी | 4. असहज | 5. पंथ |
| 6. दाखिल | 7. प्रेरणा | 8. प्रतिष्ठित | 9. स्वाभिमान | 10. व्यसन |
| 11. विचार | 12. गरीब | 13. इतिहास | 14. आदमी | 15. भाग्य |

**शब्द-अर्थ :**

1. देहात = गाँव  2. पाठशाला = विद्यालय  3. असहज = विचलित
4. पंथ = पथ, रास्ता  5. व्यसन = लत

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो:**

**प्रश्न - उत्तर :**

**प्र1. गुरु जी को क्या पसंद नहीं था?**

उ. गुरु जी को लेखक का बीच वाली छुट्टी में खाना खाने के लिए दूर पैदल अपने घर जाना पसंद नहीं था।

**प्र2. लेखक के पिता जी क्या कहा करते थे?**

उ. लेखक के पिता जी कहा करते थे कि गरीब भी विद्वान बन सकता है ।

**प्र3. एक महान आदमी एक प्रतिष्ठित आदमी से किस प्रकार अलग होता है ?**

उ. एक महान आदमी समाज का नौकर बनने को तैयार रहता हैं।

**प्र4. बाबा साहेब के नाम की जय-जयकार करने से अच्छा क्या है?**

उ. बाबा साहेब के नाम की जय-जयकार करने से अच्छा है कि हम उनके बताए हुए रास्ते पर चलें।

**प्र5. बाबा साहेब आंबेडकर का क्या नारा था?**

उ. बाबा साहेब आंबेडकर का नारा था- 'शिक्षा, संघटन और संघर्ष' ।

**पृष्ठ नं.** : 89-91

**बहुविकल्पीय प्रश्न :**1. घ) आंबावडेकर  2.ग) गुरु जी  3.ख) कबीर  4.क) तीन

अवतरण पर आधारित प्रश्न :

1. कबीर, ज्योतिराव फुले और बुद्ध  2.विद्या, स्वाभिमान और शील
3. व्यसनों से  4. देवता, विदेश, कबीर

**भाषा की बगिया**

**1. नीचे दिए गए शब्दों में 'ई' लगाकर विशेषण बनाइए-**

क) शहरी  ख) कश्मीरी  ग) पंजाबी  घ) प्यासी
ङ) भूखी  च) प्रेमी  छ) दानी  ज) चीनी

**2. 'र' वर्ण के विभिन्न रूपवाले तीन-तीन शब्द लिखिए-**

क) र- रावण, रसीला, राहुल  ख) र्‍ - कर्म, शर्म, धर्म
ग) ्र - प्रेम, क्रिया, प्रसन्न  घ) ‸ - ड्रम, ट्रक, राष्ट्र

**3. पाठ से क्रिया शब्द चुनकर लिखो-** 1) जाना, भर, रहता 2) बुलाते, दाखिल, होना 3) खिलाते, बन, ठगा

**4. नीचे दिए गए शब्दों के शुद्ध रुप लिखिए-** क) पंचम ख) तितलियाँ ग) निरर्थक घ) मृदु ङ.) रुनझुन च) लघु छ) बत्ती ज) हँस

## पाठ - 11 : बुद्धूमल का सपना टूटा

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. गट्ठर | 2. बुद्धूमल | 3. खुश | 4.बुद्धिमान | 5.बिस्तर |
| 6. मेहनत | 7. सपने | 8. नुकसान | 9.कामकाज | 10. उबासी |
| 11. कामचोर | 12.सब्ज़ियाँ | 13. जल्दी | 14. बेकार | 15. अच्छी |

**शब्द-अर्थ :**

1. उबासी = जम्हाई 2. मदद = सहायता 3. खुश = प्रसन्न
4. बढ़िया = उत्तम 5. मेहनत = परिश्रम

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो:**

**प्रश्न - उत्तर :**

**प्र1. बुद्धूमल जी को बूढ़ी माँ ने क्या कहा?**
उ. बुद्धूमल जी को बूढ़ी माँ ने कहा कि वह तो खुद गरीब है, किसी को क्या काम देगी ।

**प्र2. बूढ़ी माँ अपना काम कैसे चलाती थी?**
उ. बूढ़ी माँ लकड़ियाँ बेचकर अपना काम चलाती थी।

**प्र3. बूढ़ी माँ ने किससे मदद माँगी और क्यों ?**
उ. बूढ़ी माँ ने बुद्धूमल से मदद माँगी क्योंकि वह बहुत थक गई थी।

**प्र4. सिर पर गट्ठर रखकर बुद्धूमल क्या सोच रहा था?**
उ. वह सोच रहा था कि लकड़ियाँ बेचकर उन पैसों से कोई काम धंधा शुरु करेगा।

**प्र5. लकड़ियों का गट्ठर पानी में किसने गिराया और क्यों?**
उ. लकड़ियों का गट्ठर पानी में बुद्धूमल ने गिराया क्योंकि वह सपनों में खो गया था।

**प्र6. अंत में बूढ़ी माँ ने क्या कहा?**
उ. अंत में बूढ़ी माँ ने बुद्धूमल को समझाया कि सपने देखना अच्छी बात नहीं है। उसे मेहनत करनी चाहिए।

**पृष्ठ नं. : 96-99**

**बहुविकल्पीय प्रश्न :** 1. ख) कामचोर 2. क) लकड़ी 3. घ) तालाब में
4. घ) लकड़ियों का गट्ठर

**किसने, किससे कहा -** 1) बूढ़ी माई ने, बुद्धूमल से 2) बुद्धूमल की माँ ने, बुद्धूमल से
3) बुद्धूमल ने, अपने-आप से 4) बूढ़ी माई ने, बुद्धूमल से
5) बूढ़ी माई ने, बुद्धूमल से

**भाषा की बगिया :**

**1) शब्दों को शुद्ध करके लिखो:-** क) जाड़ा ख) ठंड ग) गुड़ घ) साड़ी
ड.) पढ़ च) गड़बड़

**2) नीचे दिए गए शब्दों में अनुस्वार ( ं ) या अनुनासिक ( ँ ) लगाइए-**
क) बिरंगे ख) बाँध ग) हँसना घ) मूँगफली ङ) ठंड
च) कँधा छ) रहूँ ज) हाँ

**3) नीचे दिए गए शब्दों में 'दार' प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाइए-**
क) रिश्तेदार ख) फलदार ग) ओहदेदार घ) खबरदार
ङ) थानेदार च) ईमानदार छ) काँटेदार ज) मलाईदार

**4.नीचे दिए गए वाक्यों में सही विराम-चिह्न चुनकर लगाइए-**
क) चलो, जरा सैर करें। ख) मुझे बहुत सारे पैसे मिलेंगे।
ग) बेटा, तुम मुझसे नाराज़ क्यों हो? घ) मैं गरमी हूँ यानि ग्रीष्म ऋतु ।
ङ) अरे! यह क्या कर दिया?

**6. नीचे दिए गए शब्दों को सही क्रम में सजाकर वाक्य बनाइए-**
क) बच्चे गरमी को विदाई देते हैं। ख) आकाश में बादल छा गए।
ग) मैं धरती की प्यास बुझाती हूँ। घ) गरमियों में स्कूल की छुट्टियाँ हो जाती हैं।
ड.) बरसात में नहाने में बड़ा आनंद आता है।

## पाठ - 12 : रहीम के दोहे

**शब्द-अर्थ :**

1. उत्तम = श्रेष्ठ 2. व्यापत = फैलना 3. भुजंग = साँप
4. जड़मति = मूर्ख 5. सुजान = विद्वान 6. पुनि = दुबारा
7. जुरै = जुड़ना 8. लघु = छोटा 9. व्यथा = दुख
10. गोय = छिपाना 11. अठिलैहैं = हँसी उड़ाना 12. कोय = कोई

**प्रश्न - उत्तर :**

**प्र1. उत्तम प्रकृति वाले मनुष्य की तुलना किससे की गई है?**
उ. उत्तम प्रकृति वाले मनुष्य की तुलना चंदन से की गई है।

प्र2. सिल पर निशान क्यों पड़ जाता है?
उ. बार-बार रस्सी की रगड़ से सिल पर निशान पड़ जाता है।

प्र3. प्रेम का धागा टूटने से क्या होता है?
उ. एक बार टूटने पर यह धागा दुबारा नहीं जुड़ता ।

प्र4. हमें किन्हें नहीं भूलना चाहिए और कब?
उ. हमें बड़ी चीज़ों के सामने छोटी को नहीं भूलना चाहिए ।

प्र5. अपने दुख को मन में क्यों छिपाना चाहिए?
उ. क्योंकि दूसरों को बताने से लोग हँसी उड़ाते हैं ।

पृष्ठ नं. : 103-105

बहुविकल्पी प्रश्न : 1. ग) चंदन 2. घ) अभ्यास से 3. ग) तलवार
4. क) दुख

भाव ग्रहण संबंधी प्रश्न
क) उत्तम व्यक्ति पर कुसंग का कोई प्रभाव नहीं पड़ता ख) ठंडक देना
ग) चंदन के पेड़ पर घ) ज़हर, साँप

भाषा की बगिया
1) नीचे दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता लगाकर उच्चारण का अभ्यास कीजिए:
क) चीज़ ख) दरवाज़ा ग) ज़्यादा घ) ज़रुरत ङ·) आवाज़
च) तरफ़ छ) ज़रा ज) काफ़ी

2) नीचे दिए गए संयुक्ताक्षर वाले तीन-तीन शब्द लिखिए-
क) व्यर्थ ,व्याप्त, व्यथा ख) समस्त , व्यस्त, अस्त ग) ज्यादा, ज्योति, राज्य

3) नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए-
क) प्यार ख) छोटा ग) सर्वश्रेष्ठ/ बढ़िया घ) दुख
ङ.) ज़हर च) हृदय छ) साँप ज) विशाल

4) नीचे दिए गए शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए-
क) रहीम- र्+अ+ह्+ई+म्+अ ख) चंदन- च्+अ+न्+द्+अ+न्+अ
ग) धागा- ध्+आ+ग्+आ घ) चटकाय-च्+अ+ट्+अ+क्+आ+य्+अ
ङ·) सुई- स्+उ+ई च) व्यथा-व्+य्+अ+थ्+आ

5) नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखो: क) श्रेष्ठ ख) दुबारा ग) फैलना घ) जुड़ना
ङ) साँप च) छोटा छ) विद्वान ज) छिपाना

# पाठ - 13 : चंद्रगुप्त मौर्य

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. रोबीली | 2. आग्रह | 3. नेतृत्व | 4. वाक्पटुता | 5. प्रतिशोध |
| 6. दिलेरी | 7. चयन | 8. निर्भीक | 9. बंदीगृह | 10. वाणिज्य |
| 11. वर्षीय | 12. दरिद्र | 13. प्रभावित | 14. गुणगान | 15. आज्ञा |

**शब्द-अर्थ :**

1. वाक्पटुता = बोलने की चतुराई  2. अभाव = कमी  3. आग्रह = प्रार्थना
4. वाणिज्य = व्यापार  5. दिलेरी = बहादुरी

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो:**

**प्रश्न - उत्तर :**

**प्र1. टीले पर कौन बैठा था? वह किसका अभिनय कर रहा था?**
उ. बालक चंद्गुप्त टीले पर बैठा था ।वह राजा का अभिनय कर रहा था।

**प्र2. ब्राह्मण द्वारा गाय माँगने पर चंद्रगुप्त ने क्या कहा?**
उ. चंद्रगुप्त ने उनसे एक नहीं दस गायें लेने को कहा ।

**प्र3. चाणक्य को कैसे नवयुवक की आवश्यकता थी?**
उ. उन्हें चंद्रगुप्त जैसे एक समर्थ बुद्धिमान, राष्ट्रप्रेमी नवयुवक की आवश्यकता थी।

**प्र4. चाणक्य ने मुरा को क्या बताया ?**
उ. उन्होंने बताया कि चंद्रगुप्त की हस्तरेखाएँ बड़ी प्रबल हैं । उसकी शिक्षा की व्यवस्था की जाए । उसका भाग्य अवश्य चमकेगा।

**प्र5. बालक चंद्रगुप्त ने शेर को पिंजरे से कैसे बाहर निकाला?**
उ. चंद्रगुप्त ने जलता हुआ दीपक सलाखों के बीच से शेर के पास रख दिया । मोम का बना शेर पिघलने लगा और पिंजरा खाली हो गया ।

**पृष्ठ नं. : 115-118**

**बहुविकल्पीय प्रश्न :** 1. ग) राजा-राजा  2. घ) दस  3. ग) चाणक्य
4. क) गाय  5. ख) शेर की मूर्ति

**किसने किससे कहे-**

1) चंद्रगुप्त ने, मंत्री से  2) चंद्रगुप्त ने, चाणक्य से  3) चाणक्य ने, चंद्रगुप्त से
4) चाणक्य ने, मुरा से  5) राजा धनानंद ने, चंद्रगुप्त से

**भाषा की बगिया**

1) विलोम शब्द लिखिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) मरण | ख) अव्यवस्था | ग) अपूर्ण | घ) बड़ी सी |
| ङ) हित | च) पाया | छ) नफरत | ज) अभाग्यशाली |
| झ) घृणा | ञ) अप्रसन्न | | |

**2) नीचे दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-**

क) किसान ख) दैनिक ग) सत्यवादी घ) प्रतिज्ञाबद्ध

ड.) भाग्यशाली

**3) पाठ से ऐसे वाक्य चुनकर लिखिए:** स्वयं करें।

**4) नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर उत्तर लिखो:**

**क) विद्यार्थी जीवन किससे भरा होता है?**

उ: पढ़ाई, खेल-कूद और उमंगों से भरा होता है।

**ख) किन बच्चों को विद्यार्थी होना बहुत अच्छा लगता है?**

उ: जो बच्चे परिश्रम से जीवन सँवारना चाहते हैं।

**ग) विद्यार्थी जीवन में किसका भंडार इकट्ठा होता है?**

उ: नए-नए अनुभवों का ।

**घ) समानार्थी शब्द लिखिए-**

मित्र, सखा पेड़, तरू

## पाठ - 14 : बेड़ी

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. पुकारना | 2. दीन | 3. प्रौढ़ | 4. ओत-प्रोत | 5. दंभ |
| 6. सज्जन | 7. अमूल्य | 8. प्रतीक्षा | 9. भीख | 10. विजय |
| 11. वायुमंडल | 12. उत्तेजित | 13. इकन्नी | 14. चंचलता | 15. सहानुभूति |

**शब्द-अर्थ :**

1. पुकारना = बुलाना 2. दीन = गरीब 3. प्रौढ़ = परिपक्व

4. पखेरु = पक्षी 5. हठ =ज़िद

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो:**

**प्रश्न - उत्तर**

**प्र1. दशाश्वमेध घाट की ओर जाते समय लेखक ने क्या सुना?**

उ. दशाश्वमेध घाट की ओर जाते समय लेखक ने प्रौढ़ स्वर सुना।

**प्र2. पानी की कल का धुआँ कहाँ फैल रहा था?**

उ. पानी की कल का धुआँ पूर्व के आकाश में अजगर की तरह फैल रहा था।

**प्र3. बालक के पैरों में बेड़ी किसने और क्यों डाली?**

उ. बालक के पैरों में बेड़ी उसके बाबा ने डाल दी, ताकि वह भाग न सके ।

**प्र4. बुड्ढा बालक को पैसा क्यों नहीं दे रहा था?**
उ. क्योंकि वह पैसे बालक के नए कुरते के लिए बचाना चाहता था।

**प्र5. मोटर की चपेट में आने से क्या हुआ?**
उ. मोटर की चपेट में आने से लड़के की मृत्यु हो गई।

**पृष्ठ नं. : 125-128**

**बहुविकल्पीय प्रश्न :** 1. ग) 9-10 वर्ष 2. ख) दशाश्वमेध घाट
3. क) नौकरी खोजने 4. ख) कचालू खाने के लिए
5. घ) नवीन बाबू

**किसने, किससे कहा-** 1. लड़के ने, लेखक से 2. बालक ने, लेखक से 3. लेखक ने, बाबा से
4. लेखक ने, बाबा से 5. बाबा ने, लेखक से

**भाषा की बगिया**

**1) लिंग लिखो :** क)पुल्लिंग ख) स्त्रीलिंग ग) स्त्रीलिंग घ) पुल्लिंग ङ) स्त्रीलिंग
च) पुल्लिंग छ) पुल्लिंग ज) स्त्रीलिंग झ) स्त्रीलिंग ञ) पुल्लिंग

**2) नीचे दिए गए रेखांकित सर्वनाम शब्द का प्रयोग पाठ में किसके लिए किया गया है, लिखिए :**
क) लेखक ख) बाबा ग) बाबा की घ) लड़का

**3) विशेषण शब्द लिखो :** नटखट चंचलता कारुणिक फूटी भीषण

**4) नीचे दिए गए वाक्यों से समुच्चयबोधक शब्द चुनकर लिखिए-**
क) और ख) कि ग) क्योंकि घ) इसलिए

**5) नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

**क) इंटरनेट की शुरुआत कब और कहाँ हुई थी?**
उ. इंटरनेट की शुरुआत अमेरिका में सन् 1969 ई. में हुई थी।

**ख) इंटरनेट क्या है?**
उ. इंटरनेट कंप्यूटरों का एक विशालतम नेटवर्क है।

**ग) इंटरनेट के पिटारे में क्या-क्या होता है?**
उ. इस पिटारे में खेल, गीत-संगीत, फिल्म, पत्रिकाएँ सभी कुछ होता है।

**घ) ई-मेल की सुविधा का क्या लाभ है?**
उ. ई-मेल से हम दुनिया भर में कहीं भी संदेश भेज सकते हैं।

# पाठ - 15 : डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. विषय | 2. विख्यात | 3. ग्रहण | 4. नाविक | 5. सेवानिवृत्त |
| 6. शोध | 7. प्रभावशाली | 8. वैज्ञानिक | 9. अग्नि | 10. गृहिणी |
| 11. अध्यापिका | 12. राष्ट्रपति | 13. अवस्था | 14. संस्कार | 15. प्रसिद्धि |

**शब्द-अर्थ :**

1. विषय = बारे में
2. विख्यात = प्रसिद्ध
3. शोध = खोज करना
4. सेवानिवृत्त- सेवा से मुक्त
5. ग्रहण= लेने की क्रिया

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो:**

**प्रश्न - उत्तर :**

**प्र1. अब्दुल कलाम का पूरा नाम क्या था?**
उ. अब्दुल कलाम का पूरा नाम अवुल पकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम था।

**प्र2. अब्दुल कलाम कौन थे?**
उ. अब्दुल कलाम भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति थे ।

**प्र3. 'मिसाइल मैन' किन्हें और क्यों कहते थे?**
उ. अब्दुल कलाम को **'मिसाइल मैन'** कहा जाता था क्योंकि वे भारत के अंतरिक्ष और मिसाइल विकास के कार्यक्रमों से जुड़े थे ।

**प्र4. नासा की यात्रा किसने और कब की?**
उ. 1963-1964 के दौरान नासा की यात्रा अब्दुल कलाम जी ने की।

**प्र5. डॉ. कलाम को किन-किन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया?**
उ. डॉ. कलाम को पद्म भूषण, पद्म विभूषण व भारत रत्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

**पृष्ठ नं. : 133-136**

**बहुविकल्पीय प्रश्न :** 1. घ) रामेश्वरम 2. ख) नासा
3. ख) पिता जी 4. घ) 15 अक्तूबर, 1931

## अवतरण पर आधारित प्रश्न:

1) डॉ. अब्दुल कलाम के 2) छोटा हेलिकाप्टर 3) अंतरिक्ष वैज्ञानिक
4) अग्नि और पृथ्वी

**भाषा की बगिया :**

1) **पर्यायवाची शब्द:** क) माँ ख) अध्यापक ग) पितृ घ) पाठशाला
ङ) नौका च) भेंट

2) **वर्ण-विच्छेद कीजिए :** क) व्+इ+ख्+य्+आ+त्+अ ख) म्+इ+स्+आ+इ+ल्+अ
ग) स्+अं+ग्+अ+ठ्+अ+न्+अ घ) स्+अ+म्+म्+आ+न्+अ

3) **मोटे छपे शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को दोबारा लिखिए -**

क) यह खिताब एक पुरुष खिलाड़ी ने जीता है।
ख) उनकी दादी जी ऊँची कूद में राष्ट्रीय चैंपियन रह चुकी हैं।
ग) बाप को अधिक घबराहट थी।
घ) हमें महिलाओं के सम्मान की रक्षा करनी चाहिए।

4. **नीचे दिए गए वाक्यों में मोटे छपे शब्दों के वचन बदलकर वाक्यों को दोबारा लिखिए -**

क) मेरे भाई आस-पास के गाँवों में अच्छे तैराक थे।
ख) हाथियों ने ज़ोर से चिंघाड़ें लगाई।
ग) लड़कों को वापस जाना पड़ा।
घ) शेरों को बचाने के लिए जंगलों को बचाना जरुरी है।
ङ) लड़का गुल्ली-डंडा खेल रहा था।

6. **नीचे दिए गए वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-**

क) उनकी आरंभिक शिक्षा रामेश्वरम में हुई ।
ख) डॉ.कलाम ने विज्ञान के विकास के लिए कार्य किया ।
ग) अभी विकास होने में देर है ।

## अनौपचारिक पत्र

परीक्षा भवन
शहर

दिनांक - ____________________

प्रिय मित्र / सखी

सप्रेम नमस्कार

मैं यहाँ खुश हूँ और आशा करता हूँ/ करती हूँ कि तुम भी वहाँ कुशलमंगल होंगे। ____________________

________________________________________

________________________________________

बड़ों को प्रणाम व छोटों को प्यार ।
तुम्हारा मित्र / तुम्हारी सखी
नाम

# कहानी – साधु और बिच्छू

किसी जंगल में एक कुटिया में एक ऋषि रहते थे। वे अपने आस – पास के जीव – जंतुओं से भी बहुत प्यार करते थे। उनके पास कुछ शिष्य शिक्षा ग्रहण करने आते थे। एक दिन ऋषि  सुबह – सुबह अपने शिष्य के साथ नदी में स्नान करने गए। नदी में जैसे ही उन्होंने प्रवेश किया उन्हें एक बिच्छू ने काट लिया। ऋषि ने बिच्छू को अपनी हथेली में उठाकर उसे एक सुरक्षित स्थान पर रख दिया। उनके शिष्य ने ऋषि से पूछा, ऋषिवर बिच्छू ने आपको काटा। फिर भी आपने उसे सुरक्षित क्यों छोड़ दिया"।

"हाँ पुत्र! बिच्छू का स्वभाव है – काटना और साधु का स्वभाव है – दया करना। जिस प्रकार बिच्छू अपने स्वभाव को नहीं छोड़ सकता, उसी प्रकार एक साधु भी अपने स्वभाव को नहीं छोड़ सकता।" अपने गुरु की महानता पर शिष्य का मन श्रद्धा से भर गया।

**शिक्षा– सज्जन व्यक्ति दुष्टता का उत्तर भी सज्जनता से ही देते हैं।**